हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 20 दिसंबर 2023



# खेतों से वापस मनरेगा की तरफ लौटने लगे मजदूर, महीनेभर में संख्या पांच गुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण इलाकों में लोगों को आसानी से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित मनरेगा योजना अब फिर से रफ्तार पकड़ने लगी है। बरसात के साथ ही मजदूरों की कम हुई संख्या में दिवाली के बाद से लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। ग्रामीण इलाकों में खेती कार्य में जुटे मजदूर अब कटाई के बाद वापस मनरेगा से जुड़ रहे हैं। यही कारण है कि जहां डेढ़ महीने पहले तक जिले में महज दो से तीन हजार मजदूर ही रोजाना काम पर आ रहे थे। वहीं अब संख्या 15 हजार पार कर गई है।

उल्लेखनीय है कि जिले का बड़ा हिस्सा ग्रामीण परिवेश का है। जिसके चलते वहां निवासरत लोगों के जीवन में मनरेगा योजना का महत्व भी बढ़ जाता है। जिले में ही लाखों लोग इस योजना से जुड़े हुए हैं। हालांकि समय-समय के अनुसार ही काम पर आने वाले मजदूरों की संख्या में कमी-इजाफा देखने को मिलता रहता है। मिली जानकारी के अनुसार पूरे साल में सबसे कम मजदूरों की हाजिरी जुलाई से अक्टूबर के मध्य ही रहती है। इस बीच मानसून और खेती कार्य के चलते मजदूर मनरेगा के तहत काम पर नहीं आते हैं। हालांकि अब कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। जिसका असर है कि काम पर आने वाले मजदूरों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है।

## मानसून में महज 2700 मजदूर ही आए काम पर, अब 15 हजार मजदूर आ रहे

### प्रदेश में पांचवे स्थान पर जिला

विभाजन से पहले तक राजनांदगांव जिला प्रदेश में मनरेगा योजना के मामले में टॉप पर रहा करता था। एक समय ऐसा भी आया था कि देश में सबसे अधिक मनरेगा मजदूरों के काम करने के मामले में भी जिला टॉप में शामिल रहा था। हालांकि पिछले साल हुए विभाजन के बाद अब ऐसी स्थिति नहीं रही है। वर्तमान में राजनांदगांव जिले में 15 हजार मजदूर काम पर आ रहे हैं। इस हिसाब से जिला प्रदेश में पांचवे स्थान पर है।



### एक लाख पहुंचेगा आंकड़ा

विभागीय आंकड़ों को देखा जाए तो जहां फिलहाल हर रोज 15 हजार के करीब मजदूर ही मनरेगा काम पर आ रहे हैं। वहीं जनवरी से अप्रैल के मध्य काम पर आने वाले मजदूरों की संख्या सर्वाधिक होगी। एक अनुमान के मुताबिक करीबन एक लाख मजदूर रोजाना काम पर आएंगे। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले में मनरेगा योजना से कुल 2.60 लाख मजदूर जुड़े हुए हैं। जबकि विभाजन से पहले यह आंकड़ा चार लाख पर था, तब 2.70 लाख मजदूरों के एक दिन में काम करने का रिकार्ड भी रहा है।

### 221 रुपए भुगतान

मनरेगा योजना के तहत काम पर आने वाले मजदूरों को केंद्र सरकार की तरफ से 221 रुपए रोजाना के हिसाब से भुगतान किया जाता है। इन मजदूरों को काम करने के 15 दिन बाद भुगतान होता है। फिलहाल जिले में काम पर आ रहे मजदूर पीएम आवास निर्माण कार्य, नर्सरी के साथ वन विभाग के पौधरोपण कार्य में अपनी हिस्सेदारी निभा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वैचारिक गोष्ठी 25 को

**राजनांदगांव।** स्व. मेहत्तरराम साहू सृजन संस्थान बागबाहरा महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 25 दिसंबर को प्रेस क्लब परिसर रायपुर में साहित्यिक वैचारिक गोष्ठी, कवि गोष्ठी एवं सुरता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदेश के चुनिंदा साहित्यकारों के साथ ही साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए साकेत साहित्य परिषद सुरगी राजनांदगांव को संस्थागत सम्मान के तहत साहित्य संदेश सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### विस चुनाव मानदेय अप्राप्त

**राजनांदगांव।** विस चुनाव में कर्मचारियों को चुनाव संपन्न होने के बाद से अब तक मानदेय नहीं मिला है। जबकि पूर्व में विधानसभा,लोकसभा, पंचायत चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को मतदान संपन्न होने के तुरंत बाद मानदेय दे दिया जाता था, किन्तु इस बार प्रत्येक मतदान अधिकारियों से चुनाव पूर्व से ही खाता में पैसा जमा होने की बात बताया गया और सभी से खाता नंबर भी मांगा गया है। चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों से ट्रेनिंग के दौरान भी मानदेय पाने नियमानुसार प्रपत्र जमा करते अपने-अपने खाता नंबर भी चुनाव अधिकारियों को दे दिए थे। बावजूद उन्हें अब तक मानदेय अप्राप्त है। टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा एवं मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 2 चरण में चुनाव संपन्न हुआ है। कुछ जिलों में चुनाव संपन्न होने के बाद कर्मचारियों को मेहनताना का भुगतान कर दिया गया है।

बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
विशिष्ट हीरा आभूषण
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

## माय एंगल




## पूछ रहे : मकान किसके नाम और कब बना, टैक्स दे रहे या नहीं

# फील्ड पर उतरे 70 कर्मचारी, छह महीने के भीतर हर घर दस्तक देकर करेंगे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय संकट से जूझने वाले नगर निगम ने अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए टैक्स वसूली का जिम्मा निजी हाथों में सौंप दिया है। जनवरी महीने से टैक्स वसूली का पूरा काम इस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा ही किया जाना है। इससे पहले कंपनी ने अपने कर्मचारियों को फील्ड पर उतारकर सर्वे का काम शुरू कर दिया है। शहर के वार्ड क्रमांक एक में कर्मचारी हर घर दस्तक देकर जानकारी जुटाने में लग गए हैं। इस सर्वे में लोगों से मकान निर्माण से लेकर मकान मालिक का नाम सहित टैक्स अदायगी की जानकारी ली जा रही है।

बताया गया कि करीबन छह महीने में यह पूरा सर्वे कर लिया जाएगा। जिसके बाद ही शहर में बढ़े हुए मकान की असल संख्या सामने आ पाएगी। इसके अलावा निजी कंपनी जनवरी महीने से सभी वार्डों में अपने कर्मचारियों को भेजकर टैक्स लेने का काम शुरू करने वाली है। इस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन पेमेंट भी लिया जाएगा। जिससे टैक्स वसूली में सहूलियत मिले।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम पिछले कुछ सालों से वित्तीय संकट से जूझ रहा है। कई दफा ऐसे हालत भी निर्मित हुए, जब कर्मचारियों को तीन से चार महीने तक का वेतन नहीं मिल पाया। निगम में आय का स्त्रोत के अनुसार अधिक खर्च इसकी वजह है, ऐसे में पूरा भार टैक्स से आने वाली रकम पर आ जाता है। टैक्स वसूली करने में भी निगम के मुहर्रिर कमजोर साबित हो रहे थे। शहर में 60 से 65 फीसदी ही टैक्स वसूली हो पा रही थी। ऐसे में निजी कंपनी को टैक्स वसूली का जिम्मा सौंपने का निर्णय लिया गया है।



### निगम के रिकार्ड में घर, मौके पर दिखी दुकान

निजी कंपनी द्वारा सर्वे का एक फायदा निगम को यह भी मिलेगा कि इस दौरान ऐसे आवास की सूची भी तैयार की जाएगी, जहां बिना अनुमति के दुकान संचालन किया जा रहा है। दरअसल शहर के अधिकांश मकान मालिकों ने घरेलू इस्तेमाल के लिए अनुमति लेकर उसमें दुकान बना दी है। यह सीधे तौर पर टैक्स चोरी है। ऐसे में अब निजी कंपनी ऐसे मकान, जहां बिना अनुमति दुकानें बना दी गई है। उसको भी कार्मशियल सूची में डालकर वहां से टैक्स वसूल करेगी।

### 90 फीसदी वसूली का टारगेट

रांची की जिस श्री पब्लिकेशन एंड स्टेश्नर्स कंपनी को टैक्स वसूली का काम दिया गया है, उसे 90% टैक्स वसूली करना जरूरी होगा। यदि कंपनी ऐसा नहीं करती है तो जुर्माना भी लगाया जाएगा। निजी कंपनी से टैक्स वसूली का काम पहले ही भिलाई, रायपुर, बिलासपुर जैसे शहरों में शुरू हो चुकी है। राजनांदगांव में टैक्स वसूली करने के एवज में कंपनी को 5.5 फीसदी का कमीशन दिया जाना है।

### फिलहाल 19 हजार घर का ही डाटा

मिली जानकारी के अनुसार मौजूदा आंकड़ों के अनुसार नगर निगम के पास 19 हजार मकान का ही डाटा है। इनमें से ही टैक्स वसूली का काम किया जाता रहा है, लेकिन अब निजी कंपनी अगले छह महीने में पूरे शहर का एक बार फिर सर्वे करेगी। जिसमें नवनिर्मित आवास की जानकारी के साथ ही टैक्स नहीं देने वाले मकानों को भी शामिल किया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक 19 हजार मकान की संख्या बढ़कर 35 हजार के करीब पहुंच जाएगी। जिससे सालभर में निगम को मिलने वाले टैक्स में भी 50% तक का इजाफा हो सकता है।

### 600 मकानों का सर्वे पूरा

जानकारी अनुसार सर्वे करने फील्ड पर उतरी टीम ने अब तक शहर के छह सौ घरों में अपना काम पूरा कर लिया है। इस दौरान इन घरों की सही साइज पता करने के लिए नाप भी किया गया। नाप के दौरान गड़बड़ी सामने आई है। ज्ञात हो भवन अनुज्ञा लेने से पहले लोगों को मकान का नक्शा बताना होता है, लेकिन सर्वे में पाया गया कि दिखाए गए नक्शे के विपरीत निर्माण अधिकांश लोगों ने करा लिया है। एक मंजिल रिकार्ड में दर्ज परिवारों का दो से तीन मंजिल तक मकान बन गया है।

# क्रिसमस से पहले आज शहर में निकलेगी रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर मसीही समुदाय की ओर से राजनांदगांव के समस्त पासबानों के निर्णय के अनुसार कल 20 दिसंबर को भव्य क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया है। उक्त रैली शांतिपूर्ण एवं सदभावनापूर्वक निकाली जाएगी। रैली स्थानीय वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड के प्रांगण से संध्या समय साढ़े छह बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए चर्च कैम्पस के प्रांगण में समाप्त होगी।

प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस क्रिसमस पर्व को लेकर बाजार में केक सहित साज-सजावट की सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है, जहां से लोगों ने जमकर खरीदी भी शुरू कर दी है। बताया गया कि पर्व को लेकर केक सहित साज-सजावट, स्टार, क्रिसमस ट्री, सैंटा क्लास सहित अन्य सामग्रियों की मांग लोगों के बीच अभी से होने लगी है।

**निकली बाइक रैली :** क्रिसमस पर्व के लिए शहर में चर्च को आकर्षक रूप से सजाया गया है। विद्युत सज्जा के साथ झांकी इत्यादी का भी निर्माण किया गया है। पर्व के परिप्रेक्ष्य में आज शहर में विभिन्न मार्गों से बाइक रैली भी निकाली गई।

### मसीही गीतों की होगी गूंज

इस अवसर पर विभिन्न चर्च के पुरोहितों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर प्रवचन दिया जाएगा एवं इस रैली में मसीही गीत गाए जाएंगे। वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड, मसीही मंदिर गौरीनगर, मसीह आराधनालय, सेन्ट जॉन द वैप्टीस चर्च, मेनोनाईट चर्च, मारथोमा चर्च, सिरियन आरर्थोडॉक्स चर्च, न्यु अपोस्टिलिक चर्च, एसेम्बली ऑफ गॉड, चर्च ऑफ गॉड, इंडियन फूल गॉसपल मिशन, मसीही ग्रामीण कलिसिया, रहबोत किश्चियन असेम्बली, किश्चियन असेम्बली, आईसीएम, गिडियन इंटर नेशनल राजनांदगांव, वेसलियन चर्च स्कूल परिसर, इंडियन पेन्टीकॉस्टल चर्च, आशानगर से मसीही समाज के अनुयायी शामिल होंगे। उक्त जानकारी मसीही समाज के अध्यक्ष रेव्ह. डॉ. सुमन लाल द्वारा दी गई।

## वायरल का कहर

# सर्दी-खांसी ठीक होने में लग रहा सप्ताहभर, बच्चे-बुजुर्गों पर प्रभाव अधिक

- डॉक्टरों की सलाह : गर्म कपड़े पहनकर खुद को रखे सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं ने एक बार फिर से ठिठुरन बढ़ा दी है। अंचल का अधिकतम पारा से लेकर न्यूनतम तापमान तक लुढ़क रहा है। दिनभर चल रही ठंडी हवाओं के कारण सेहत पर भी नकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। सर्दी-खांसी से लेकर बुखार तक की चपेट में लोग आ रहे हैं। अस्पतालों में पहुंचने वाला हर दूसरा मरीज इसी से पीड़ित है। बीमार हो रहे लोगों को स्वस्थ होने में 7 से 10 दिन तक का समय लग रहा है। ऐसे में डॉक्टरों की सलाह है कि गर्म कपड़े पहनकर निकलने के साथ ही संतुलित आहार से खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम में आए परिवर्तन से सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अस्पताल की ओपीडी में हर रोज दो सौ से 300 मरीज वायरल फीवर, बुखार, सर्दी, जुकाम से ग्रसित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। पिछले डेढ़ सप्ताह से रात के समय कोहरे की स्थिति बनने लगी है। इससे लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं मौसम के बदलते मिजाज ने अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। प्रतिदिन ओपीडी में इलाज कराने वालों की भीड़ देखी जा सकती है। इनमें बच्चों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। इस समय सबसे अधिक मरीज वायरल, सर्दी-जुकाम, खांसी के आ रहे हैं। डॉक्टर मरीज बढ़ने का मुख्य कारण मौसम में हो रहे परिवर्तन को मान रहे हैं। साथ ही गंदा पानी का सेवन बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है।

**बचाव ही महत्वपूर्ण** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ यूएस चंद्रवंशी का कहना है कि मौजूदा समय में वायरल के पीड़ित मरीज ही अधिक आ रहे हैं। मौसम में बदलाव से इसका खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में लोगों को इससे बचाव महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गर्म कपड़े पहनने के साथ ही जिन हिस्सों से शरीर में हवा जाती है, उसे ढंककर रखने से मदद मिलेगी। साथ ही संतुलित आहार लेने से मदद मिलने की बात कही है।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार घायल




**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर जा रहे लोगों को लापरवाही से भागती ट्रेक्टर ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 दिसंबर को बाइक में सवार होकर तीन लोग बडगांव चारभाठा की ओर जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रेक्टर के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक में सवार तीन लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# शौक पूरा करने करता था बाइक चोरी

## चोरी की चार बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

लगातार चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस लगातार चोरों की पतासाजी एवं सुराग लगाने का प्रयास कर रही थी। जिसके तहत बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को पकड़ा गया, जो बाजार क्षेत्र से बाइक चोरी किया था। जिला के थाना क्षेत्रों में हुए मोटर साइकिल चोरी को गंभीरता से लेते चोरी की घटना पर अंकुश लगाने, चोरी गई मोटर साइकिलों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार करने सभी थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिया गया था।



**आरोपी पर हुई कार्रवाई :** आरोपी के मेमोरंडम कथन के अनुसार थाना छुईखदान एवं थाना खैरागढ़ क्षेत्र से चोरी किए कुल 4 नग मोटर साइकिल कीमती लगभग 2,00,000 रुपए को आरोपी से जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 41(1+4) जाफौ एवं धारा 379, भादसं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### शौक पूरा करने करता था चोरी

जिसके तहत वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में लगातार संदिग्ध वाहनों की चोकिंग की जा रही थी। अलग-अलग लोगों से वाहनों एवं वाहन कागजात के संबंध में पूछताछ किया जा रहा था। इस दौरान कुछ सस्पेक्ट व्यक्ति एवं चोरी गई मोटर साइकिल के संबंध में जानकारी मिला था। मुखबीर की सूचना पर संदेही चंद्रकांत उर्फ गुलठू यादव पिता बहाल यादव 23 वर्ष निवासी डोकराभाठा थाना छुईखदान को हिरासत में लेकर चोरी की मोटर साइकिल के संबंध में पूछताछ किया गया। संदेही चंद्रकांत यादव पहले गोलमोल जवाब देते रहा। मनोवैज्ञानिक ढंग एवं कड़ाई से पूछताछ करने पर संदेही चंद्रकांत यादव ने अपना शौक पूरा करने सब्जी बाजार छुईखदान, देशी शराब भट्ठी छुईखदान एवं थाना खैरागढ़ के इतवारी बाजार से कुल 4 नग मोटर साइकिल को चोरी करना स्वीकार किया है।

## मंडी सचिव की राज्य शासन से भी शिकायत, कार्रवाई की मांग

# मंडी सचिव की मनमानी से भड़के व्यापारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान

**कार्यालय में नहीं रहते समय पर कभी उपस्थित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि उपज मंडी के सचिव की लगातार मनमानी से नाराज व्यापारी और हमालों ने कल 20 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। व्यापारियों का कहना है कि सचिव कार्यालय में नहीं रहते और सभी कामों को उन्होंने केंद्रीयकृत कर रखा हुआ है। जिससे काफी दिक्कतें आ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक मंडी सचिव को नहीं हटाया जाता, तब तक वे मंडी में खरीदी-बिक्री को बंद रखेंगे।

मंडी के सभी व्यापारी, हमाल संघ, रेजा संघ तथा कांटा संघ ने भारसाधक अधिकारी को संयुक्त रूप से एक पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि मंडी में पदस्थ सचिव द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है। सचिव कभी भी कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है। जिसके चलते व्यापारियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि मंडी सचिव ने अपने पूरे स्टाफ को भी यह मौखिक निर्देश देकर रखा हुआ है कि कोई भी काम उनकी अनुमति के बगैर न किया जाए।

सचिव द्वारा कामों को केंद्रीयकृत किए जाने से व्यापारियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।



### सचिव को हटाने की मांग

मंडी व्यापारी संघ ने मंडी सचिव को हटाने की मांग की है। संघ ने कहा है कि जब तब मंडी सचिव को नहीं हटाया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। कल 20 दिसंबर से मंडी में खरीदी-बिक्री बंद की जा रही है। सचिव की कार्यप्रणाली से भड़के व्यापारियों ने इस मामले की शिकायत राज्य शासन स्तर से भी कर दी है।

### नहीं बन रहे मंडी लाइसेंस

बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में व्यापारियों के मंडी लाइसेंस नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही नवीनीकरण किया जा रहा है। जिसके कारण व्यापारी यहां उपज की खरीदी -बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। जिससे मंडी राजस्व को भी अच्छा खासा नुकसान हो रहा है। व्यापारियों ने बताया कि अनुज्ञा पत्र या लाइसेंस को लेकर मंडी के बाबू भी सचिव से बात करने के लिए कहकर काम नहीं कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गांवों में स्वच्छता अभियान 25 से

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायतों में अगामी 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाने की तैयारी शुरु हो गई है। प्रशासन के निर्देशानुसार इस बार सुशासन दिवस को स्वच्छता सप्ताह के रुप में मनाया जाएगा। सोमवार को अटल स्तंभ समीप कार्यक्रम आयोजित कर नमन कर एवं उनके व्यक्तित्व, आदर्श, सिद्धांत पर प्रकाश डाला जाएगा। 25 दिसम्बर से पूरे सप्ताह स्वच्छता कार्य कर लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

### जयंती समारोह 25 एवं 26 को

**सड़क अतरिया।** गुरु घासीदास जयंती पर गांव- गांव में मेला मंड़ई का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में 25 दिसंबर को भरदा गोड़ तथा 26 को बेलगांव में घासीदास जयंती मनाया जाएगा। इस मौके पर जैत खाम में पाला चढ़ा कर बाबा की पुजा अर्चना किया जाएगा। मंड़ई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति क्षेत्र वासियों को उपस्थित होने की अपील किया है।

### सफाई कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**कल्लूबंजारी।** छग अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के ब्लाक अध्यक्ष गोविंद मंडावी एवं उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल के नेतृत्व में विकासखंड के सफाई कर्मचारियों ने विधायक भोलाराम साहू से खुज्जी में मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। संघ के ब्लाक सचिव ढालसिंह साहू ने बताया कि शासकीय शालाओं में हजारों अंशकालिक सफाई कर्मचारी 2011 से 2566 रूपए मासिक मानदेय पर काम कर रहे है। उन्होंने पूर्णकालिक का दर्जा देकर कलेक्टर दर पर मानदेय देने की मांग की है। इस अवसर पर भुवन साहू, बबिता साहू, जिनेश्वरी देवांगन, रेवती देवांगन, युगेश दास वैष्णव, कन्हैया बसु, निसार मियां, भूपेन्द्र निषाद, लिखन साहू, गजेन्द्र कोहकट्टा आदि उपस्थित थे।

### परिषद ने मनाया गुरु घासीदास जयंती

**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ इकाई ने सामाजिक समरसता पखवाड़ा के तहत संत गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित किया। संगोष्ठी में संत गुरु घासी दास के जीवन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक अमन बृज नामदेव, नगर मंत्री कुश मालेकर, पीतांबर यादव, गुलशन चंद्रवंशी, आयुष निर्मलकर आदि शामिल हुए।

### भाषण स्पर्धा में डाकेश्वर प्रथम



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने गुरु घासीदास जयंती के मौके पर सतनाम धर्म का समाज पर प्रभाव विषय पर भाषण प्रतियागिता का आयोजन किया। स्वागत उद्बोधन मे डॉ आशा चौधरी ने अपने विचार रखते हुए गुरु घासीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने छात्र-छात्राओं को गुरु घासीदास के विचारों पर चलने कहा। महाविद्यालय के निखिल सहारे, डाकेश्वर वर्मा, शिवनाथ योग, श्वेत जोशी, दीपक साहू, आदि ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी ने घासीदास के जीवन, उपदेश और उसका समाज पर प्रभाव को स्पष्ट किया। निर्णायक डॉ नौशिन अंजुम एवं मनीषा भेड़िया थी। स्पर्धा में डाकेशवर वर्मा ने प्रथम, श्वेता जोशी ने द्वितीय और शिवम नाथ योगी और दीपक साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# हरदी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क का शीघ्र शुरू होगा निर्माण काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरदी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क के नवनिर्माण को स्वीकृति का झुनझुना दिखाकर गत दो वर्ष से डॉ. रमन से बदला लेने की आड़ में सड़क निर्माण की फाईल अटकाने वाले भूपेश बघेल और कांग्रेसियों को शहर की जनता ने ऐसा सबक सिखाया है, जो उन्हें आजीवन याद रहेगा।

चुनाव उपरांत सड़क व क्षेत्रवासियों की सुध लेने ग्राम सुरगी पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उक्त बातें कही है। उन्होंने तंज कसते कहा कि उक्त खराब सड़क का कभी टेंडर हो गया, कभी बरसात लग गई, कभी ठेकेदार भाग गया का बहाना बनाकर पिछले दो वर्ष से कांग्रेस के नेता सड़क नहीं बनने दे रहे थे। चुनाव में क्षेत्रवासियों का गुस्सा वोट के रूप में कांग्रेस के विरुद्ध रिकॉर्ड मतदान के रूप में परिलक्षित हुआ है, किन्तु अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही विगत पांच साल से अवरूद्ध विकास एवं निर्माण कार्यों को डबल इंजन की भाजपा सरकार में पुनः गति प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने ग्राम सुरगी पहुंचकर स्थानीय ग्रामवासियों के साथ सुरगी रोड की दुर्दशा का निरीक्षण किया। पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु एवं सावन वर्मा सहित आनंद साहू सरपंच सुरगी, गुरुचरण सिन्हा, पवन साहू, हितेन्द्र यादव, रैनसिंह साहू, टोमन निषाद, नरोत्तम साहू, खिलेश्वर साहू एवं साथीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**रमन व यादव का जताया आभार**

ग्रामीणजनों से मुलाकात कर पूर्व सांसद ने डॉ. रमन और प्रदेश में आसीन भाजपा सरकार की तरफ से यह आश्वासन दिया है कि अब धूल, गुबार, दुर्घटना के दिन कट गए हैं और शीघ्र ही मंत्रिमंडल गठन के बाद राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र का यह पहला सड़क निर्माण कार्य के रूप में प्रारंभ होगा। ग्रामीणों की सुधि लेने व सड़क निर्माण के प्रति संवेदनशीलता के लिए ग्रामीणों ने अपने विधायक डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया है।

## संकल्प शिविर



**डोंगरगांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लाक के पहले शिविर का आयोजन कोकपुर और आसरा में किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने के अलावा जानकारी भी दी गई। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, जनपद सदस्य बीरेन्द्र साहू, अजय वैष्णव, मोहन सिन्हा, अनिता वाल्दे, ठाकुरराम साहू, गीता वैष्णव आदि मौजूद थे।

# अपचारी बालक को पुलिस ने भेजा बाल न्यायालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कुछ माह पहले क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की वारदात हो रही थी। गंड़ई पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपियों को पकड़ने में लगातार सफलता हासिल कर रही है।

पांच माह पहले 6 जून को सड़क अतरिया निवासी लल्लू राम रजक पिता स्व. दीनूराम रजक ने गंडई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पांच जून की रात्रि को बंजारी माता मंदिर से अज्ञात चोर मंदिर का कलश, घंटा एवं दान पेटी में रखे 1120 रूपए चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार 24 जून को जलभरत जंघेल पिता मनहरण जंघेल निवासी मरदकठेरा ने भी रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23- 24 जून दरम्यानी रात अज्ञात चोर द्वारा उसके घर ग्राम धोधा से गोदरेज में रखे 15 हजार चोरी कर ले गया। उक्त मामले पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन एवं एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश' में थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में टीम तैयार कर चोरी करने वाले अपचारी बालक को पकडकर समान बरामद किया। उसे बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

# बिना टेंडर के खरीद लिया लाखों की दवाएं, मामले की शिकायत

## भाजपा ने कलेक्टर से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राज्य में सत्ता परिवर्तन के साथ ही अब अफसरो के खिलाफ घोटाले और गड़बड़ियो की लगातार शिकायते सामने आनी शुरू हो गयी है। मोहला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले तीन साल के दौरान बिना टेंडर लाखो रूपए की दवाईयो की खरीदी किए जाने का मामले की शिकायत कलेक्टर एस जयवर्धन से हुई है। भाजपा नेता राजू टांडिया ने बीएमओ श्रीमती सीमा ठाकुर को तत्काल पद से हटाए जाने की मांग भी की है।

उल्लेखनीय है कि श्री टांडिया ने पिछले 2012 में मानपुर खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर आसीन श्रीमती सीमा ठाकुर के खिलाफ दो करोड़ से अधिक राशि के गबन की शिकायतें की थी। इस मामले की आज पर्यन्त तक जांच पूरी नहीं की गई है। वहीं अब मोहला में दवाई खरीदी में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आ गया है। भाजपा नेता श्री टांडिया द्वारा की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि मोहल बीएमओ द्वारा पिछले 2020 से 2023 के दौरान 50 लाख रूपए से अधिक की हेराफेरी की गई है। बिना टेंडर दवाईयो की खरीदी भी की गई। शिकायतकत्र्ता का कहना है कि इस मामले में जब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी जाती है तो वे भी स्वास्थ्य महकमा उपलब्ध नहीं करा रहा है। उन्होने कलेक्टर से मुलाकात कर इस पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक बीएमओ पद से श्रीमती ठाकुर को हटाया जाए।

# बोनस को लेकर मृतकों के परिजन संशय में



- प्रशासन ने जारी नहीं किया दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में किसानों द्वारा बेचे गए धान का बकाया बोनस देने का वादा किया था। वादा के मुताबिक किसानों को प्रति क्विंटल तीन सौ रुपए की दर से आगामी 25 दिसंबर को बोनस की राशि दिया जाना है। बकाया बोनस को लेकर वह लोग चिंतित है जिनके पालक या तत्कालीन भूमि स्वामी की मौत हो चुकी है। अब मृत किसान की जमीन अन्य परिजनों के नाम पर दर्ज हो गई है। सवाल यह है कि मौजूदा स्थिति में बोनस की राशि किसे मिलेगी। प्रशासन ने सहकारी समितियों के लिए इसे लेकर अब तक किसी प्रकार गाइड लाईन जारी नहीं किया है। जानकारी के अनुसार धान का लंबित बोनस देने प्रशाशनिक स्तर पर काम चल रहा है। धान बेचने वाले किसानों की सूची एवं खातों को अपटेड किया जा रहा है। इस मामले पर किसानों को कोई दस्तावेज वर्तमान में नंही देना है। सबके खातों में आगामी 25 दिसंबर को बकाया बोनस की राशि जमा हो जाएगी। किसी प्रकार की समस्या आने पर ही संबंधित किसानों से संपर्क स्थानीय स्तर पर किया जाएगा।

**नॉमिनी को मिलेगी राशि**

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार डिंन्डे ने बताया कि जिन किसानों ने अपना धान बेचा था उनके खातों में पैसा जमा किया जाएगा। शासन से निर्देश के अनुसार मृतक किसानों ने अपने खाते में जिनको नामनी बनाया था उनके खातों में बोनस की राशि जमा की जाएगी।

# ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण



**बांधाबाजार।** विजन निः शुल्क कोचिंग संस्थान टोलागांव के विद्यार्थियों ने संस्थापक नीलकंठ कोमरे, राजू निर्मल के मार्गदर्शन में राजिम,चंपारण्य, जतमाई, घटारानी, गंगरेल बांध, झलमला का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने राजिम में राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव के दर्शन किए। आचार्यपाद वल्लभाचार्य का जन्म चम्पारण्य में हुआ था।गंगरेल बांध जिसे रविशंकर सागर के नाम से भी जाना जाता है जो महानदी नदी पर बना है। राजिम, चम्पारण्य, जतमाई, घटारानी, गंगरेल बांध को देख बच्चे अभिभूत हुए। भ्रमण में किरण मंडावी, प्रफुल्ल भंडारी, नीलकंठ कोमरे, राजू निर्मल, हेमंत साहू, सुरेश साहू, रतन ठाकुर, भुनेश्वर सेन, सोनाली कोमरे , भूविक कोमरे , घनश्याम कोमरे, चांदनी कोमरे, नेहा ,रेणुका साहू, पूजा, वेदिका, गौरी, हीना, संजना, यामनी, ओमकार, टेमन, महेंद्र, चोली, टेमिन, भास्कर, मोना, चंचल, बिरम मंडावी आदि शामिल हुए।



### भागवत कथा का वाचन जारी

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचने दिन आचार्य हरीश चतुर्वेदी ने संगीत मय कथा के माध्यम से भगवान कार्तिकेय एवं गणेश जन्म की कथा का वाचन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने आंनद उठाया।

### बोदेला में सत्संग 24 एवं 25 को

**तुमड़ीबोड़।** समीपस्थ ग्राम बोदेला में आगामी 24 एवं 25 दिसंबर को अध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन एवं भजन का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर प्रवचनकर्ता महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज कबीर आश्रम मुरमुंदा संत मंडली के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। बोदेला में विगत कई वर्षों से यह आयोजन हो रहा है। आयोजन के मुख्य संरक्षक गुलाब वर्मा और विधायक दलेश्वर साहू के सहयोग सत्संगी भक्त कार्यक्रम में सहभागी होते आ रहे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में अध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन भजन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। आयोजन में विशेष सहभागिता नरबद वर्मा, चेतन साहू, वीपी वर्मा, संतोष देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, फकीरा साहू, युवक वर्मा, लुनकरण वर्मा, जैतराम ठाकुर, हेमंत साहू, मंथीर साहू, मनीराम लिल्हारे, फलेश साहू, ओमकार लिल्हारे, महेंद्र यादव, सोनू साहू, मदनमोहन साहू, योगदास साहू आदि शिरकत करेंगे।



### बिजली बिल हाफ योजना बंद करना गलत

**डोंगरगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री रोहित सोनकर ने बिजली बिल हाफ योजना बंद करने की घोषणा का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कर भाजपा सरकार गरीबों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो को बिजली बिल में बड़ी राहत मिल रही है। सस्ती बिजली पाना लोगों का नैसर्गिक अधिकार है अतः राज्य के लोगों को सस्ती बिजली मिलना चाहिए। पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य में 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू किया था जिससे राज्य के 44 लाख उपभोक्ताओं को 4000 करोड़ रूपए तक का ला मिला। इस योजना से प्रत्येक घरेलू उपभोक्तओं को 300 से लेकर 900 रूपये तक बिल में लाभ मिला है। योजना के लागू होने से घरेलू उपभोक्ताओं को अब तक 20 से 45 हजार की बचत हो चुकी है, जो महंगाई के दौर में बड़ी राहत है। संयुक्त महामंत्री रोहित सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा करते हुए और उन्ही की पार्टी की सरकार राहत देने वाली योजना को बंद कर लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ करें शीघ्रता से पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विकास कार्यो, सेवाओं, कार्यक्रमों के साथ विभागीय गतिविधियों के संचालन, क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों में संचालित शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन किए जाने से पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिलता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित विकास कार्यो, निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें।

बैठक में डीएफओ डीपीसाहू, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दिप्ती गौते, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला पंचायत सीईओ हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर समेत अन्य शामिल हुए।




### बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के मूल उद्देश्य के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्रतानुसार हितग्राहियों का चिन्हाकन कर लाभान्वित करें। बैठक में कलेक्टर ने कर्मकारों के लिए संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन करने और लाभान्वित करने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को व्यवस्थित करने और सुचारू रूप से संचालित करने कहा। कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्देशानुसार किसानों से धान की खरीदी एवं उठाव यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करते हुए सफलता पूर्वक योजनाओं का क्रियान्वयन करने कहा है।



### लोगों को ठंड ने कंपाया

**सड़क अतरिया।** मौसम साफ होने के बाद से क्षेत्र में ठंड बढ़ी है। वनांचल एवं मैदानी इलाके के गांव कपकपा देने वाली ठंड का अनुभव कर रहे हैं। लोग ठंड से राहत पाने के लिए दिन भर गर्म कपड़े तो सुबह एवं शाम अलाव का सहारा ले रहे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### संयुक्त कलेक्टर वर्मा को सौंपे गए कार्य

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा को नजूल अधिकारी, नजूल नामांतरण नजूल जांच, आबादी सर्वे, भाड़ा नियंत्रक अधिकारी का कार्य अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संपादित करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में डिप्टी कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे को इन सभी कार्य के लिए प्रभार सौंपा गया था।

### श्री रामलला की स्थापना की तैयारियां जोरों पर



**डोंगरगढ़।** श्री रामलला स्थापना उत्सव को लेकर हिंदू संगठनों की तैयारी शुरू हो गई है। यह आयोजन आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होगा। श्रीराम लला की स्थापना को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक संगठनों द्वारा बड़े आयोजन की तैयारी नगर एवं गांव में की जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी उत्सव मनाने की तैयारी में है। डोंगरगढ़ खंड एवं मंडल स्तर पर टोली बनाकर घर घर पहुंचने की तैयारी की जा रही है। डोंगरगढ़ खंड के रामलला मंदिर स्थापना कार्य योजना के संयोजक अनिल पांडे ने बताया कि अभी नगर मोहल्ला एवं मंडलो की टोलियों की बैठक प्रभारियों द्वारा ली जा रही है। हर गांव- मोहल्ले में 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाने का आग्रह हिन्दू परिवारों से किया जा रहा है। आगामी एक से 15 जनवरी तक प्रत्येक घरों में अयोध्या से आए अक्षत एवं राम लला की फोटो को स्वयंसेवकों द्वारा वितरित किया जाएगा। आगामी 24 दिसंबर को नगर में कलश यात्रा राम मंदिर से निकाला जाएगा जो विभिन्न मार्गों से होते हुए बुधवारी पारा हनुमान मंदिर में समाप्त होगा।

### जयंती पर जिले में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 22 को

**खैरागढ़।** गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना अंतर्गत शुक्रवार 22 को जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। दोपहर एक बजे से सांस्कृतिक भवन इतवारी बाजार रोड में आयोजन को लेकर आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया की प्रतियोगिता में भाग लेने आवेदकों को 21 दिसंबर तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में अपना आवेदन जमा करना होगा। प्रतियोगिता में केवल जिले के नर्तक दल ही भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया की पंथी नृत्य एक आध्यात्मिक और धार्मिक नृत्य है, जो सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर मनाया जाता है। इस नृत्य में नर्तक गुरु घासीदास के चरित्र, उनकी शिक्षाओं और आध्यात्मिक संदेशों पर गाते नाचते हैं। प्रतियोगिता में प्रत्येक पंथी नृत्य दल को 10 मिनट का समय दिया जाएगा, जिसमें वे अपना प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना के अधिकारियों द्वारा गठित किया जाएगा जिनका निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

# केन्द्र शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फील्ड में करें कार्य

### खुले हुए कुएं प्राथमिकता से बंद कराने के लिए कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत केन्द्र शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मोबाइल वैन के माध्यम से जागरूकता लायी जाएगी। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के रूट चार्ट की जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को होनी चाहिए। सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फील्ड में कार्य करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए स्थान का चिन्हांकन अच्छी तरह करें।

पंजीयन काउंटर, मांग, शिकायत एवं निराकरण के संबंध में कार्य करें। सभी अधिकारी केन्द्र शासन की योजनाओं के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड का कव्हरेज बढ़ाने की जरूरत है। आयुष्मान कार्ड वितरण प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसामान्य मोबाईल एप के माध्मय से भी अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर ब्लड प्रेशर, ब्लड जांच की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी।

कलेक्टर ने केन्द्र शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री प्रणाम योजना अंतर्गत जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन करने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उक्त बातें कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सभी एसडीएम जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।




### अवैध अतिक्रमण के खिलाफ करें कार्रवाई

कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि अवैध अतिक्रमण एवं चखना दुकान हटाने का कार्य प्राथमिकता से करना है। ऐसे अवैध अतिक्रमण जिसके कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है या दुर्घटना जोन बन रहे हैं। उस पर विशेष तौर पर ध्यान देते हुए हटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एसडीएम, पुलिस विभाग एवं नगरीय निकाय की टीम मिलकर संयुक्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा की गई पहल अंतर्गत ऑनलाईन कोचिंग में 10वीं एवं 12वीं के कक्षाओं में सभी अधिकारी बच्चों को पढ़ाएंगे तथा उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करेंगे। सुपोषण अभियान अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सखी वन स्टाप सेंटर, संपर्क टीवी डिवाईस, निक्षय मित्र, महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासखंडों में कांजी हाऊस निर्माण करने के लिए कहा।

### अभियान चलाकर करें निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंता को मछली घर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के आपरेशन थियेटर एव डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि खुले हुए बोर एवं खुले हुए कुएं प्राथमिकता से बंद कराना है। इसके लिए अभियान चलाकर आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, छात्रावास, हास्पिटल एवं अन्य स्थानों में निरीक्षण कर ऐसे असुरक्षित स्थानों को बंद करने के निर्देश दिए।

### किसान अपने अनुभव कर सकते हैं साझा

जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम मूलक कार्य करने की जरूरत है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अच्छी तरह से कार्य करने के लिए कहा। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 4 जनवरी से 7 जनवरी 2024 तक आयोजित की जाएगी।

# जल जीवन का हाल बेहाल, ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- जल जीवन मिशन में अनियमितता को लेकर करमतरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

ब्लाक के करमतरा में जल जीवन मिशन में अनियमितता को लेकर भाजपा नेता जयप्रकाश साहू, रेखचंद वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे जिले में योजना के क्रियांवयन में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। पानी टंकी बन गई है, पाइप लाइन बिछ गया हैं, लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। जिम्मेदार अफसर योजना की मानीटरिंग में लापरवाही बरत रहे हैं। कई जगहों पर समय पर काम पूरा नहीं हो रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा को ग्रामीणों ने बताया कि स्थिति यह है कि जहॉं काम हुआ है वहां पाइप लाइन फूट रहा हैं। जिसकी वजह से पाइप से पानी रिस रहा है लिहाजा लोगों के घर तक पानी पहुंच नहीं रहा है। गांव के घरों में लगे नल की टोटी से पानी की एक बूंद तक नहीं टपक रही है। ग्रामीण महिलाएं आज भी बोरिंग से पानी भरने विवश हैं। गांवों में आज भी महिलाएं दशकों पुरानी जिंदगी जी रही है। उन्होंने मिशन तहत हो रहे कामों की मानीटरिंग और लापरवाही बरत रहे जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सुशासन दिवस पर स्वच्छता अभियान और संकल्प कार्यक्रम

### एक सप्ताह तक चलेगा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती अवसर पर जिले में सोमवार 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान और संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

राज्य शासन के निर्देशानुसार, जिले के सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत कराई जाएगी। इसके अलावा 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह दस बजे कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। इसके बाद उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम जनता द्वारा ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना और सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री को याद करना है। इसके अलावा कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम से जिले में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा मिलेगा और सुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इसके अलावा यह ग्राम पंचायतों में सुशासन को बढ़ावा देने में मददगार होगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी जानकारी

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग अध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा अग्रणी दिग्विजय : 2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को समाहित करते पाठयक्रम संबंधी प्रचार के लिए धनीराम साहू शा.किसान उ.मा. शाला अर्जुनी के विद्यार्थियों के मध्य हिन्दी विभाग पहुंचा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सारगर्भित समझाते डॉ. बीएन जागृत ने कहा कि पाठयक्रम समावेशी विकास, समान गुणवत्ता वाली शिक्षा पर आधारित है। जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के स्तर को वैश्विक स्तर से जोड़ना है। वहीं विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रवीण साहू ने पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय फैकल्टी, अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाएं एवं संपूर्ण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की। इसके तहत चार वर्षीय ग्रेजुएशन की पढ़ाई के इन चार वर्षों में पहले वर्ष उत्तीर्ण होने पर सर्टिफिकेट, दूसरे वर्ष डिप्लोमा, तीसरे वर्ष डिग्री और चौथे वर्ष आनर्स डिग्री दी जाएगी।

वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रदेश के आठ स्वशासी महाविद्यालयों में संचालित है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य विभा पांडेय ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत ही आवश्यक है। जिससे बच्चों में विषय चुनाव संबंधी भटकाव की स्थिति उत्पन्न न हो। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन डॉ. नीलम तिवारी ने किया। इस अवसर पर बिन्दु समेत शाला के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# चिखलदाह में श्रीमद्भागवत कथा उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के चिखलदाह में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित झम्मन शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्त प्रहलाद और ध्रुव चरित्र की कथा का रसपान कराया। बद्रीविशाल सिंह सहित बीबीसी परिवार द्वारा माता की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन राजा बलि की कथा सुनाते हुए कहां की भक्ति का पता विपत्ति काल में ही चलता है। विपत्तियां श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा के साथ अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता के द्वारा किए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया जिसके चलते अंत में भगवान श्री हरि ने स्वयं नरसिंह अवतार लेकर अत्याचारी का अंत किया। पंड़ित झम्मन शास्त्री ने कहा कि हमे विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए और भगवान पर विश्वास करना चाहिए।

### सात्विक भाव की आवश्यकता

राजा बलि की कथा सुनाते हुए दान का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि दान करने से धन की शुद्धता होती है। आज के समय में लोग तरह-तरह के यत्न करके पैसा कमा रहे हैं। इस दौरान वह यह भी नहीं देख रहे हैं कि उस धन का क्या प्रभाव पड़ेगा इसलिए जितना कमा रहे हो उसका कुछ हिस्सा जनकल्याण के कार्यों में खर्च करें। भागवत कथा अमृत तुल्य है। पंडित शास्त्री ने कहा कि 18 पुराणों में वेद के मंत्रों की व्याख्या भगवान वेदव्यास ने की है। सत्य धाम व न्याय नीति की स्थापना के लिए श्रद्धालुओं को संघर्ष करना चाहिए। भागवत कथा अमृत तुल्य है वर्तमान समाज में द्वंद, संघर्ष, कलह, कटुता, द्वेष बढ़ रहा है जो जहर तुल्य है उन दस प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सात्विक भाव से सात्विक विचार से भागवत कथा सुनने व भागवत संकीर्तन की आवश्यकता है जिससे समाज में सभी प्रकार की कुरीतियों का शमन होगा और समाज व मानव को बचाया जा सकेगा। इस दौरान महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया।

# बच्चों को विधाओं में करना है पारंगत : अय्यर

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में शनिवार को वार्षिक खेल महोत्सव का शानदार दूसरा दिन रहा। जिसमें कक्षा 3री से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, प्राचार्य वत्सला अय्यर, पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, प्रशासक अनिल वाजपेयी, शिक्षकगण समेत पालकगण व विद्यार्थीगण



शामिल थे। स्वागत भाषण देते प्राचार्य वत्सला अय्यर ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान के साथ-साथ अनेक विधाओं में बच्चों को पारंगत करना। जिसके माध्यम से देश का प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन में आने वाली बाधाओं से लड़ सके। इसी कड़ी में खेल एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम में सीजी बोर्ड की प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने सभी का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में सर्वप्रथम गुरु वंदना एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण आयोजन प्राचार्य वत्सला अय्यर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सीमा गायधने, रेणुका दास, कविता रंजन व रूची तिवारी द्वारा किया गया। आयोजन के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त जानकारी व्याख्याता उषा झा ने दी।

# नागरिक अब स्वयं निःशुल्क बना सकते हैं अपना आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब हितग्राही अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं निःशुल्क बना सकते हैं। इसके लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड दस्तावेज की आवश्यकता होगी। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप एवं आधार फेस आईडी एप को डाउनलोड कर लें। इसके बाद आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जाए और बेनिफिसरी विकल्प को चुने, फिर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें एवं ओटीपी डालकर लॉगिन करें। स्टेट छत्तीसगढ़ व स्कीम राशन कार्ड विकल्प का ही चयन करें।

सर्च बाय में डिस्ट्रिक में अपना जिला चुने और फैमिली आईडी में राशन कार्ड नंबर दर्ज कर सर्च करें। परिवार के सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी, जिन सदस्यों का नाम हरा रंग में होगा, उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है एवं जिन सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा, उनका कार्ड बनाना होगा। उनके नाम के सामने डू ई-केवाईसी विकल्प प्रदर्शित होगा। डू ई-केवाईसी विकल्प का चयन करें, आगे आधार प्रमाणीकरण व सत्यापन हेतु 4 विकल्प आधार ओटीपी, फिंगर प्रिंट, ईरिस स्कैन व फेस एयेंटिफिकेशन प्रदर्शित होंगे। यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें और यदि आधार से लिंक मोबाईल नंबर उपलब्ध नहीं हो तो फेस एयेंटिफिकेशन विकल्प का चयन करें। यदि आपके पास फिंगर प्रिंट बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध है, तो फिंगर प्रिंट विकल्प का चयन कर आधार प्रमाणीकरण पूर्ण कर लें। आधार प्रमाणीकरण के बाद कैप्चर फोटो विकल्प पर जाकर अपना क्लोजअप फोटो कैप्चर करना होगा। इसके पश्चात पता व मोबाइल नंबर की जानकारी भर कर सबमिट बटन पर क्लिक करें। इस प्रकार सबमिट करते ही आपका केवाईसी पूर्ण हो जाएगा। केवाईसी एयेंटिफिकेशन अप्रुवल हो सकता है। एयेंटिफिकेशन अप्रुवल होने पर कार्ड डाउनलोड करें। एयेंटिफिकेशन अप्रुवल नहीं होने पर अप्रुवल होने की प्रतीक्षा करें। अप्रुवल हो जाने के बाद अपना आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। आयुष्मान कार्ड के संबंध में शिकायत एवं सुझाव टोल फ्री नंबर 104, 14555 पर दी जा सकती है।

### 86 फीसदी बना कार्ड

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़ ने बताया कि जिले में अब तक इस योजनांतर्गत 8 लाख 7 हजार 22 नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बन गया है, जो लक्ष्य का 86.28 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि डोंगरगांव विकासखंड में 1 लाख 28 हजार 893, राजनांदगांव विकाखंड में 3 लाख 30 हजार 675, छुरिया विकासखंड में 1 लाख 62 हजार 798 एवं डोंगरगढ़ विकासखंड में 1 लाख 84 हजार 656 नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बन गया है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन के माध्यम से नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं तथा नगारिक स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बना सकते हैं।

## स्कूल प्रबंधन व ग्रामीणों ने किया सम्मान

# कट्टहा नवागांव में दानवीर का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्राथमिक शाला में बच्चों के अध्यापन कार्य में सहूलियत को लेकर बैठने कुर्सी टेबल दान देने वाले भामाशाह का स्कूल प्रबंधन सहित ग्रामीणों ने सम्मान किया।

ब्लाक के कट्टहा नवागॉव स्थित प्राशा में प्रधान पाठक रामलाल साहू के नवाचार और नन्हें बच्चों की पढ़ाई में लगन को देखते हुए राजनांदगांव निवासी समाजसेवी सतीश चंदेले खुले दिल से बच्चों के भविष्य और वर्तमान की जरूरत को देखकर सभी कक्षाओं के बच्चों के लिए कुर्सी टेबल दान दिया। दानवीर सतीश चंदेले का सम्मान साथ आभार प्रकट करने पूरे गॉव ने त्यौहार मनाया और कार्यक्रम आयोजित कर उनका शाल, श्रीफल व प्रतीक चिंह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान सतीश चंदेले ने कहा कि प्रधान पाठक की पढ़ाई के प्रति लगन को देखकर प्रभावित होकर उन्होंने कुर्सी टेबल देने



का फैसला लिया है। आने वाले समय मे भी उन्होंने स्कूली बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने का वादा किया। कार्यक्रम अध्यक्ष शाला विकास समिति अध्यक्ष राधेलाल बर्मन ने कहा कि प्रधान पाठक रामलाल साहू के आने के बाद स्कूल की दशा दिशा में बहुत बदलाव आया है। इस दौरान संकुल समवयक धृतेंद्र सिंह, प्रपा साल्हेभर्री स्कूल रतनू राम वर्मा, धनंजय वर्मा, सुकालू राम साहू, हुकुम वर्मा, देवकरण वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### संयम व सुरक्षा से जीवन रक्षा

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वासाशी महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर संस्था प्रमुख डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में लिकेश्वर सिन्हा ने एड्स के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एड्स संक्रमित व्यक्ति से घृणा करना अच्छी बात नहीं है, उन्हें भी समाज में जीवनयापन करने का अधिकार है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इससे बचाव ही इसका इलाज है। प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने कहा कि एड्स पीड़ति व्यक्तियों से सहानुभूतिपूर्वक व्यव्हार करना चाहिए। एड्स के बारे में खुली तौर पर चर्चा-परिचर्चा करना चाहिए। उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेकर विद्यार्थियों से खुली चर्चा की तथा उनके उत्साहवर्धन के लिए एक प्रश्नोत्तरी भी की। जिसमें उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को उन्होंने उपहार भी प्रदान किए। अंत में उन्होंने रेड रिबन क्लब तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों की इस आयोजन के लिए सराहना भी की। मुख्य वक्ता डॉ. साहू ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से लक्षण तथा बचाव पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संयम व सुरक्षा से जीवन की रक्षा के बात कही। एड्स के कारणों को जानकर उससे बचने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन लिकेश्वर सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रियंका सिंह ने किया। कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉस तथा रेड रिबन क्लब की संयोजिका वंदना मिश्रा, मुक्ति वर्मा, शरद तिवारी व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार समाचार



### अग्रवाल ने की विस अध्यक्ष रमन से मुलाकात

**राजनांदगांव।** पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ रायपुर पहुंचकर डॉ. रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष बनने एवं पदभार ग्रहण करने पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने प्रसन्नता जाहिर की। संतोष अग्रवाल के साथ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.सिंह को बधाई देने वालों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के दबंग नेता राजेश श्यामकर, पूर्व जिला महामंत्री सावन वर्मा व पूर्व एल्डरमैन बंटी भाटिया आदि उपस्थित थे।

### शक्तिपीठ मंदिर में 8 मार्च को मेला-मंडई

**राजनांदगांव।** जय मां अष्टमी चरण पादुका शक्तिपीठ मंदिर में आगामी 8 मार्च 2024 को माता मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। वार्ड नं. 20 पेंड्री गौठान से ध्वज पताका, राउत नाचा व कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रमुख मार्ग होते अटल आवास रेलवे लाइन मां अष्टमी चरण पदुका शक्तिपीठ मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की जाएगी। दोपहर 01 से शाम 05 बजे तक सेवा जस-जगराता कार्यक्रम रखा गया है।

### यूथ क्लब ने रमन से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** रायपुर स्थित निवास में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से राजनांदगांव गोंडवाना यूथ क्लब के सदस्यों एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ ने सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान नरेंद्र मंडावी, मुकेश ध्रुव, सेवक उईके, सोनू ओटी, नरसिंग नेताम, हितेश ठाकुर, रवि ओटी, सुदर्शन नेताम, नितिन नेताम, लेखराम मात्रा, पुरंदन उईके, रोमसिंह मंडलोई आदि उपस्थित थे।

### धमतरी में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसो. छग के 95 वार्षिक वरिष्ठ प्रांतीय संरक्षक डॉ. रामकृष्ण मिश्र कसडोल के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र नाग की अध्यक्षता में प्रांतीय सम्मेलन में स्थापना दिवस समारोह 17 दिसंबर को धमतरी जिला के भखारा मंगल भवन में संपन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान, प्रांतीय पदाधिकारी, विभिन्न जिलों एवं तहसील अध्यक्ष शामिल हुए। प्रांतीय संरक्षक रामकृष्ण मिश्र व प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत दिवान ने बताया कि पेंशनर्स को एक जनवरी 2000 से पुनर्गठन की नियम 2000 की धारा 44 के अनुसार चल रहा है। अविभाजित मप्र, छग अलग हुए 22 वर्ष बीत गए, लेकिन पेंशनरी आदेश जारी करना नए वेतनमान के अनुरूप पेंशन स्वीकृत करना एरियस दिए जाने का आदेश एवं महंगाई राहत पेंशन दिए जाने का आदेश जारी करने के लिए मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ दोनों प्रदेशों का एक-दूसरे की सहमति दिए जाने की अनिवार्यता मौखिक रूप से केवल धारा 49 (6) बहाना लेकर किया गया। धारा 49 (6) को निरस्त करने के लिए बताया। राजनांदगांव जिले के पेंशनस साथी जिला धमतरी तहसील भखारा स्थापना दिवस पर शामिल हुए। जिसमें जिला महामंत्री सुधीर सेंडे, प्रचार-प्रसार मंत्री सीपी कोसरिया, जिला उपाध्यक्ष भोजराज साहू, एसके कहरी, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, हाजी केबी कुरैशी, मनहरण साव, एके कहार, पीएल वर्मा, तहसील डोंगरगांव अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव, तहसील अध्यक्ष घुमका केके दुबे आदि शामिल हुए।

# भानपुरी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भानपुरी पहुंची। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा अभियान का उद्देश्य हर ग्राम पंचायत में पहुंचकर केन्द्र शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है।

उन्होंने कहा कि हितग्राही यहां केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन देंगे तथा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। आवेदन करने के पश्चात पात्र हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसी तरह केन्द्र शासन की योजनाओं के प्रति आम जनता में जागरूकता लाई जाएगी। जिले में 407 ग्राम पंचायत में यह यात्रा पहुंचेगी। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है।

### योजनाओं के लिए आवेदन

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 10 लोगों को वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 मिनी किट का वितरण किया गया। एक एकड़ में ड्रोन का छिड़काव प्रदर्शन किया गया। 2 सिंचाई पाईप वितरण एवं 2 मृदा परीक्षण, आयुष विभाग द्वारा 170 मरीजों को दवाई का वितरण किया गया एवं 30 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। राजस्व विभाग को 4 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1, पशुधन विकास विभाग को 1, सीएससी सेंटर में आधार कार्ड सुधरवाने 16, लीड बैंक को 50, खाद्य विभाग को 55, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 8, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को 8 आवेदन प्राप्त हुए।

### पूर्व सांसद ने दी योजनाओं की जानकारी



### योजनाओं का पहुंचाए लाभः कलेक्टर

कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि ग्रामवासियों को केन्द्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यापक तौर पर सबकी सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता तक केन्द्र शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए यहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाएं गए हैं।

### नृत्य की प्रस्तुति

कार्यक्रम के प्रारंभ में वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। एकलव्य विद्यालय के बच्चों द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने मोहक नाट्य प्रस्तुति दी गई तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया एवं आदिवासी संस्कृति पर आधारित रिलो-रिलो... नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

## 22 जनवरी को जिलेभर में मनेगा दीपोत्सव

# प्राण प्रतिष्ठा : कलश यात्रा के साथ कल होगा आयोजन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम मंदिर जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संस्कारधानी राजनांदगांव में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसकी तैयारियों को लेकर विभिन्न समाजों की लगातार बैठक आहूत की जा रही है। वहीं आयोजन की रूपरेखा को भी अंतिम स्वरूप प्रदान किया गया है। आगामी 21 दिसंबर को शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने का भी निर्णय लिया गया है।

स्थानीय माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में समाज के सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन, राजु लड्ढा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष दीपा बागड़ी की उपस्थिति में समाज के सामाजिकजनों ने आयोजन समिति को बताया कि माहेश्वरी समाज इस ऐतिहासिक एवं पवित्र महोत्सव को पूरे जोरशोर एवं पूरी श्रद्धा से मनाएगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में होने वाले कलश यात्रा एवं अन्य शोभा यात्राओं में माहेश्वरी समाज प्रमुख भूमिका अदा करेगा। साथ ही समाज मंत्रोच्चारण अक्षत के कलश की स्थापना माहेश्वरी समाज में स्थित शंकरजी के मंदिर में रखकर उन पवित्र अक्षतों को समाज के हर घर में पहुंचने हेतु किए जाने वाले कार्य को पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से करेगा।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को समाज के प्रत्येक घरों में रंगोली बनाकर, लाइट लगाकर, दीये जलाकर आतिशबाजी कर एक बार फिर से दिवाली मनाई जाएगी। इस कार्य हेतु समाज ने दामू भूतड़ा को संयोजक एवं आनंद लोहिया को सह-संयोजक मनोनीत किया। वहीं महिला मंडल की अलका सुरजन को संयोजक एवं विनीता डागा को सह-संयोजक नियुक्त किया। बैठक में समिति की ओर से जिले के सह-संयोजक प्रशांत सोनी, नगर संयोजक योगेश बागड़ी, सह-संयोजक अंकित खंडेलवाल, संजय सोनी उपस्थित थे।



### कलश यात्रा का आयोजन

नीरज पब्लिक स्कूल बल्देवबाग में 21 दिसंबर को निकलने वाली कलश यात्रा हेतु महिलाओं की एक बड़ी बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सनातनी बहनों ने कलश यात्रा के सफल आयोजन हेतु समिति के वरिष्ठ सदस्य विष्णु साव, अभियान के जिला संयोजक नीरज बाजपेई, सह-संयोजक प्रशांत सोनी, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, अनूप श्रीवास, अभियान के शहर संयोजक योगेश बागड़ी, सह-संयोजक कमल सोनी आदि उपस्थित रहे।

### डोर-टू-डोर संपर्क



श्री सांई मंदिर जनता कॉलोनी लखोली वार्ड क्र. 31 में श्रीराम मंदिर स्थापना गृह संपर्क अभियान की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से सह संयोजक कमल सोनी और सहसंयोजक अंकित खंडेलवाल उपस्थित थे।

सह-संयोजक कमल सोनी ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर से आमंत्रित किया हुआ अक्षत चावल और आमंत्रण पत्र साथ में रामजी की फोटो प्रत्येक परिवार में पहुंचाना है। 21 दिसंबर को मातृशक्ति द्वारा श्रीराम मंदिर से आए आमंत्रित 108 अक्षत कलश यात्रा महावीर चौक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर दोपहर 2 बजे से निकाली जाएगी। प्रत्येक बस्ती से मातृ शक्तियों की सहभागिता निश्चित हो, बैठक में बस्तीटोली का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आशीष प्रजापति, मिथलेश्वरी वैष्णव, उत्तर निषाद, संध्या चक्रवर्ती, साधना तिवारी, सुषमा श्रीवास्तव, सविता बाजपेई, सुषमा बाजपेई, लता पांडेय, अनिल शर्मा, भावेश दुबे, प्रशांत साहू, संतोष खंडेलवाल, पुष्पा साहू आदि शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक बनाए गए पं.बालक दास



#### 22 जनवरी को घर-घर दीप जलाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनातन धर्म महासभा द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक के लिए छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध परम सिद्ध बालक दास सनातन धर्म महासभा का संगठन द्वारा प्रदेश संरक्षक का दायित्व दिया गया। उन्होंने सहमति प्रदान की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सनातन धर्म महासभा के संतोष पटाक, प्रदेश संरक्षक राकेश ठाकुर, प्रदेश संयोजक चंद्रेश जैन, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष कमल साहू ने पंडित बालक दास पाटेश्वरधाम जाकर जिम्मेदारी दी। उन्होंने सहमति देते मजबूत से पूरे छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म को आगे बढ़ाने कहा।

संतोष पटाक ने 22 जनवरी को भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा पर छत्तीसगढ़ व संस्कारधानी राजनांदगांव में सभी सर्व हिन्दू समाज, सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं व घर-घर रात्रि में 11 दीपक अपने-अपने घरों के सामने जलाकर दीप महोत्सव व दीपावली की तरह दीपक जलाकर महोत्सव मनाने की अपील की। उपरोक्त जानकारी प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी ने दी।

### घासीदास जयंती पर रैली का स्वागत

**राजनांदगांव।** सतनाम धर्म के प्रणेता संत बाबा गुरु घासीदास की 267वीं जयंती 18 दिसंबर को धूमधाम से मनाई गई। वहीं 17 दिसंबर को भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का स्वागत बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा शाम पोस्ट ऑफिस के पास फूलों की वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरण कर किया गया। इस अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष कान्ति फूले, सुनील सुषमाकर, विनोद श्रीरंगे, संदीप कोल्हाटकर, नीति दामले, बिंदु फुले, प्रशांत सुखदेवे, नीलेश रामटेके, प्रहलाद फुले, चिमनकर, प्रवीण नोन्हारे, जितेश सीमांकर आदि शामिल थे।

# बोरतलाव में कबड्डी स्पर्धा, बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना बोरतलाव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शामिल हुए खिलाड़ियों को आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम, रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू के मार्गदर्शन में 18 दिसंबर को अति नक्सल संवेदनशील थाना बोरतलाव में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



### विजेता टीम हुए पुरस्कृत

जिसमें प्रथम स्थान भुरसाटोला, द्वितीय पीटेपानी, तृतीय सोरीटोला, चतुर्थ अंडी आया। विजेता टीमों को शील्ड एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थिति ग्राम बोरतलाव, सोरीटोला, कौहापानी, पनियाजोव, भेलवाटोला, दमऊदहरा, बरनाराकला, भूरसाटोला, पीटेपानी, डुमरटोला, अंडी, मांगीखुटा, बागरेकसा, ठाकुरटोला, पीपरखारकला, कोटनापानी, गांधीनगर के कबड्डी खिलाड़ियों को आवश्यक जर्सी एवं सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों से मिलकर उनका हालचाल जानने के साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।

### पुनर्वास योजना के लाभ की दी गई जानकारी

छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति एवं पुनर्वास योजना के लाभ एवं छत्तीसगढ़ शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं उनसे मिलने वाले लाभ के संबंध में ग्रामीणों व कबड्डी खिलाड़ियों को बताया गया। पुलिस द्वारा कराए जा रहे इस कार्यक्रम से आम जनता को पुलिस से जोड़ना एवं मधुर संबंध बनाने का प्रयास रहा है। यह देखने में आया है कि वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणजन पुलिस से दूरियां बनाए रखते हैं, उनमें झिझक बना रहता है, इसी दूरी को मिटाने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत समय-समय पर खेल का आयोजन कर ग्रामीणों में अपनेपन का भाव पैदा किया जा रहा है। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में लगभग 300 ग्रामीण व कबड्डी खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम, रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू, असिस्टेंट कमाडेंट आईटीबीपी विजेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी संतोष कुमार ठाकुर एवं अन्य थाना स्टाफ व आईटीबीपी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# खिलाड़ियों को बारीकियां समझने का मिल रहा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हॉकी अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग में बालक वर्ग की स्पर्धा का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने इसका शुभारंभ करते कहा कि रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी की यह पहल हॉकी की नर्सरी में खेल को ऊंचे स्तर तक लेकर जा रही है। हमारे शहर के बच्चों को मौका मिल रहा है कि वे ग्रास रूट पर बहुत कम उम्र में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों से खेल की तकनीक सीखकर अपना हुनर निखार पा रहे हैं। तय है कि ऐसी हॉकी लीग से निकलने वाले खिलाड़ी राजनांदगांव को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति दिलाएंगे।

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग में बालक वर्ग की स्पर्धा के उद्घाटन में विशिष्ट अतिथि रहे समाजसेवी शरद खंडेलवाल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ सीखने का ये एक बड़ा अवसर साबित होता है। समाजसेवी ललित भंसाली ने कहा कि ये एक बेहतर प्रयास है। जिसकी सराहना होनी चाहिए। नांदगांव के कई खिलाड़ियों ने हॉकी में नाम कमाया है।

छग हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें भी खेलों को बढ़ावा देने बड़े स्तर की योजनाएं संचालित कर रही है। हॉकी एसोसिएशन भी इसमें अपनी बड़ी भूमिका निभा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय खेल मानकों को सूक्ष्मता से लागू किया गया है, ताकि खिलाड़ियों को भविष्य की तैयारी करने का मौका मिले। लीग में अनुभवी अंपायर मैदान में मौजूद हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता में छग पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान, मार्चपास्ट में धुन बजाकर अपनी सहभागिता दी। जबकि एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी नरेश डाकलिया, भूषण साव, समाजसेवी ललित भंसाली, शरद खंडेलवाल, डॉ. अनिमेष गांधी, छग हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अनूप श्रीवास्तव, कुमार स्वामी, अजय श्रीवास्तव, अनिरुद्ध गांधी, शैंकी बग्गा, विवेक गुप्ता, रणविजय प्रताप सिंह, अतुल चोपड़ा, मयंक श्रीवास्तव, पंकज खंडेलवाल, विशाल सिंह परिहार, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, रोहित भदौरिया, अक्षय गायकवाड़, सरफराज, सविता तिवारी, सृष्टि शर्मा, अनिता राव, अर्चना तिवारी व मनीता राव मौजूद रही। गौरतलब है कि सोमवार को मातृ शक्तियों की मौजूदगी में बालिका वर्ग की टीमों की स्पर्धा के साथ इसका शुभारंभ हुआ था। इस हॉकी लीग में विशेष रूप से नीलमचंद बैद, अजय झा, प्रिंस भाटिया, गुणवंत पटेल, अनुराज श्रीवास्तव, योगेश द्विवेदी, सचिन खोब्रागढ़े, शकील अहमद, कुशाल यादव, हारुन खान व दीपेश चौबे मौजूद रहे।



### दर्शकों को किया रोमांचित

राजनांदगांव हॉकी लीग में मंगलवार को बालिका वर्ग का पहला मैच हॉकी बसंतपुर और हॉकी लखोली के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में दोनों ही टीमों का स्कोर 6-6 की बराबरी पर रहा। जबकि बालक वर्ग में पहला मुकाबला हॉकी बेमेतरा विरुद्ध हॉकी दुर्ग के बीच हुआ। इसमें मध्यांतर तक दोनों ही टीमों का स्कोर बराबरी पर रहा, लेकिन दूसरे हाफ में हॉकी दुर्ग ने बहुत ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करते 3 के मुकाबले 7 गोल से जीत दर्ज की। इसी तरह सोमवार को तीसरे व अंतिम मैच में हॉकी बेमेतरा और हॉकी रायपुर के बीच कांटे की टक्कर का मैच देखने को मिला। इस मुकाबले में हॉकी रायपुर ने 5 के मुकाबले 8 गोल से जीत दर्ज करते बेमेतरा को मात दी। इस दौरान मैदान में अंपायर की भूमिका तौफिक अहमद, इंदरपाल सिंह, चंद्रहास साहू, किशोर धीवर और सौरभ श्रीवास ने निभाई।

### आज के मुकाबले

कल 20 दिसंबर को राजनांदगांव हॉकी लीग का पहला मैच बालिका वर्ग में 12:30 बजे हॉकी जमातपारा विरुद्ध हॉकी राजीव, दूसरा मैच बालक वर्ग में दोपहर 2 बजे हॉकी मोतीपुर विरुद्ध हॉकी रायपुर और तीसरा एवं अंतिम मैच 3 बजे हॉकी बेमेतरा विरुद्ध हॉकी चिखली के बीच खेला जाएगा।



**खबर संक्षेप**

### सिख समाज ने पंडरिया विधायक का गुरुद्वारा में किया भव्य स्वागत

**हरिभूमि पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रथम नगर आगमन पर उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम हरिनाला चौक में राइस मिल एसोशिएशन द्वारा स्वागत किया गया तथा लड्डुओं से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को तौला गया, पंडरिया आगमन के दौरान विधायक भावना बोहरा लगभग हर मंदिर में माथा टेकने गई इसी कड़ी में वे गुरुद्वारा में मत्था टेकने के लिए रुकी जहां सिख समाज द्वारा गुरुद्वारे में उनका पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने गुरुद्वारे में माथा टेका व समाज के लोगो को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। गुरुद्वारे के ज्ञानी द्वारा उनको सरोपा देकर सम्मानित किया इस अवसर पर समाज के पुरुष व महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिनमे मुख्य रूप यशपाल सिंह छाबड़ा, गुरनाम सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, रॉकी छाबड़ा, राजू दुआ, हरपाल सिंह दुआ, गोल्डी सलूजा, आशु सलूजा, सिमरन सलूजा, सतनाम कौर, मीनू छाबड़ा सहित पंडरिया नगरवासी उपस्थित थें।

### गांवों में स्वच्छता अभियान 25 से

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायतों में अगामी 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाने की तैयारी शुरु हो गई है। प्रशासन के निर्देशानुसार इस बार सुशासन दिवस को स्वच्छता सप्ताह के रुप में मनाया जाएगा। सोमवार को अटल स्तंभ समीप कार्यक्रम आयोजित कर नमन कर एवं उनके व्यक्तित्व, आदर्श, सिद्धांत पर प्रकाश डाला जाएगा। 25 दिसम्बर से पूरे सप्ताह स्वच्छता कार्य कर लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

### जयंती समारोह 25 एवं 26 को

**सड़क अतरिया।** गुरु घासीदास जयंती पर गांव- गांव में मेला मंड़ई का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में 25 दिसंबर को भरदा गोड़ तथा 26 को बेलगांव में घासीदास जयंती मनाया जाएगा। इस मौके पर जैत खाम में पाला चढ़ा कर बाबा की पुजा अर्चना किया जाएगा। मंड़ई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति क्षेत्र वासियों को उपस्थित होने की अपील किया है।

### सफाई कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कल्लूबंजारी।** छग अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के ब्लाक अध्यक्ष गोविंद मंडावी एवं उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल के नेतृत्व में विकासखंड के सफाई कर्मचारियों ने विधायक भोलाराम साहू से खुज्जी में मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। संघ के ब्लाक सचिव ढालसिंह साहू ने बताया कि शासकीय शालाओं में हजारों अंशकालिक सफाई कर्मचारी 2011 से 2566 रूपए मासिक मानदेय पर काम कर रहे है। उन्होंने पूर्णकालिक का दर्जा देकर कलेक्टर दर पर मानदेय देने की मांग की है। इस अवसर पर भुवन साहू, बबिता साहू, जिनेश्वरी देवांगन, रेवती देवांगन, युगेश दास वैष्णव, कन्हैया बसु, निसार मियां, भूपेन्द्र निषाद, लिखन साहू, गजेन्द्र कोहकट्टा आदि उपस्थित थे।

**निधन**

### महेश चंद्राकर

**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत कुण्डा-खमरिया निवासी क्षेत्र के पर्वत दान करने वाले स्व. विपतराम चन्द्राकर के द्वितीय पुत्र महेश



चन्द्राकर का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खमरिया में किया गया। स्व. महेश चंद्राकर के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में ग्रामवासी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. श्री चंद्राकर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चले गए जिससे चंद्राकर परिवार एवं क्षेत्र में भारी शोक व्याप्त है।

# हरदी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क का शीघ्र शुरू होगा निर्माण काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

**रमन व यादव का जताया आभार**

ग्रामीणजनों से मुलाकात कर पूर्व सांसद ने डॉ. रमन और प्रदेश में आसीन भाजपा सरकार की तरफ से यह आश्वासन दिया है कि अब धूल, गुबार, दुर्घटना के दिन कट गए हैं और शीघ्र ही मंत्रिमंडल गठन के बाद राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र का यह पहला सड़क निर्माण कार्य के रूप में प्रारंभ होगा। ग्रामीणों की सुधि लेने व सड़क निर्माण के प्रति संवेदनशीलता के लिए ग्रामीणों ने अपने विधायक डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया है।

हरदी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क के नवनिर्माण को स्वीकृति का झुनझुना दिखाकर गत दो वर्ष से डॉ. रमन से बदला लेने की आड़ में सड़क निर्माण की फाईल अटकाने वाले भूपेश बघेल और कांग्रेसियों को शहर की जनता ने ऐसा सबक सिखाया है, जो उन्हें आजीवन याद रहेगा।

चुनाव उपरांत सड़क व क्षेत्रवासियों की सुध लेने ग्राम सुरगी पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उक्त बातें कही है। उन्होंने तंज कसते कहा कि उक्त खराब सड़क का कभी टेंडर हो गया, कभी बरसात लग गई, कभी ठेकेदार भाग गया का बहाना बनाकर पिछले दो वर्ष से कांग्रेस के नेता सड़क नहीं बनने दे रहे थे। चुनाव में क्षेत्रवासियों का गुस्सा वोट के रूप में कांग्रेस के विरुद्ध रिकॉर्ड मतदान के रूप में परिलक्षित हुआ है, किन्तु अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही विगत पांच साल से अवरूद्ध विकास एवं निर्माण कार्यों को डबल इंजन की भाजपा सरकार में पुनः गति प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने ग्राम सुरगी पहुंचकर स्थानीय ग्रामवासियों के साथ सुरगी रोड की दुर्दशा का निरीक्षण किया। पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु एवं सावन वर्मा सहित आनंद साहू सरपंच सुरगी, गुरुचरण सिन्हा, पवन साहू, हितेन्द्र यादव, रैनसिंह साहू, टोमन निषाद, नरोत्तम साहू, खिलेश्वर साहू एवं साथीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बाझीमौहा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर से, तैयारी शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरसबपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बाझीमौहा, जेवडन खुर्द में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसम्बर से किया जाएगा जिसकी तैयारी समिति द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। आयोजन कर्ता प्रकाश डहरिया ने बताया कि क्षेत्र में क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन की तैयारी जोरों से किया जा रहा है, जो 26 दिसंबर से प्रारंभ किया जाएगा। वहीं प्रथम पुरस्कार 50001 रूपए व ट्राफ, द्वितीय पुरस्कार 25001 रुपए व ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार सेमी फाइनल हारी टीम 1501 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार बेस्ट बैटर टूर्नामेंट 1501 रुपए, बेस्ट गैंदबाज टूर्नामेंट 1501 रुपए व बेस्ट प्लेयर टूर्नामेंट 2100 रुपए को पुरुस्कृत किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बाझीमौहा के आयोजन टीम समिति द्वारा क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता को सफल बनाने एवं तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है जिसमें सदस्य प्रकाश डहरिया, लोकचंद, अनुराग, सिद्धराम, गोकुल, सूरज, राजा, कश्यप राजू पटेल, विक्रम ओगरे, नरेश नंदलाल, चंद्रेश सहित ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग किया जा रहा है।

# सांसद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। सांसद श्री पांडेय ने जिले में मेडिकल कॉलेज की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र सौंपकर मांग किया। मंत्री ने शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

सांसद संतोष पांडेय ने मंत्री को दिए पत्र में उल्लेख किया कि कबीरधाम जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहद आवश्यकता है। मेडिकल कॉलेज जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग है। मेडिकल कॉलेज के अभाव में जिले के मरीजों को राजधानी रायपुर या फिर अन्य दूरस्थ स्थित बड़े शहरों में इलाज हेतु जाना पड़ता है। कवर्धा से राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई शहर की दूरी करीब सवा सौ किलो मीटर है। जबकि कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र बार्डर की दूरी जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर लाभ नही मिल पाता। इसके चलते उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिले में मेडिकल कॉलेज खुल जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा साथ ही साथ जिले का विकास भी होगा।

सांसद संतोष पांडेय ने गत वर्ष लोकसभा में जिले में स्वास्थ्य से संबंधित होने वाली परेशानियों का मुद्दा उठाते हुए जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की थी। साथ ही तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन से मुलाक़ात कर उन्हें इस बाबत पत्र भी सौंपा था। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार व 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा दिया जाना है।

# स्कूल वेन व मोटर सायकिल में जबरदस्त भिंड़त, एक घायल

## शहर व अंचल में बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में दिनों दिन बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटना थमने का नाम ही नही ले रहा है। जिसमें रविवार को हुए दो सड़क हादसें में दो की मौत हो गई। वहीं सोमवार को सड़क दुर्घटना बजाग-पंडरिया मार्ग में छोटा हाथी वाहन 20 फिट खाई में गिरने से एक की मौत तथा आधा दर्जन मजदूर घायल हुए। तथा कुकदुर थाना अंतर्गत ग्राम पटुवा-लोखान के पास सोमवार को एक अज्ञात वाहन ने मोटर सायकल सवार को ठोकर मार दी जिससे युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं जिले के कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दौजरी-जरती जाने वाले मार्ग में मंगलवार की सुबह 10 बजें मोटर सायकल व स्कूल वेन के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिंड़त से मोटर सायकल चालक व पिछे संवार घायल व स्कूल वेन की परखच्चे उठ गए, जिस पर ग्रामीण द्वारा डॉयल 112 को सूचना दी गई। वहीं सूचना पर मोटर सायकल घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां घायल मोटर सायकल चालक व संवार का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दैजरी-जरती जाने वाले मार्ग के सड़क किनारे खरपतवार उग गए हैं, वहीं चौड़ीकरण का अभाव तथा सड़क जर्जर व बदहाल होने के कारण दिनों दिन सड़क दुर्घटना घटित हो रहें है। जिस पर शासन-प्रशासन व







### जिम्मेदारों की अनदेखी व कार्यवाही नहीं, बढ़ते जा रहें सड़क दुर्घटना

मिली जानकारी के अनुसार दौजरी-जरती जाने वाली मार्ग जर्जर व शोल्डर के किनारे खरपतवार उग आए हैं वहीं दूसरी तरफ सड़क की चौडी कारण भी नहीं हो पाए हैं चौड़ी कारण के अभाव के कारण कोई भी वाहन चालक और मोटर साइयल चालक दूर से दिखाई नहीं पड़ती, जिस कारण आमने-सामने भिंड़त से हादसा दुर्घटना हो जाते हैं यदि जिम्मेदार व प्रशासन द्वारा अनदेखी व कार्यवाही नहीं होने के कारण तथा मार्ग की चौड़ीकरण व खरपतवार तथा सड़क की नवीनीकरण कर दिया जाए तो दुर्घटना को रोका जा सकता है।

जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण रोज छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना हो रही है।

# बोनस को लेकर मृतकों के परिजन संशय में



■ प्रशासन ने जारी नहीं किया दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में किसानों द्वारा बेचे गए धान का बकाया बोनस देने का वादा किया था। वादा के मुताबिक किसानों को प्रति क्विंटल तीन सौ रुपए की दर से आगामी 25 दिसंबर को बोनस की राशि दिया जाना है। बकाया बोनस को लेकर वह लोग चिंतित है जिनके पालक या तत्कालीन भूमि स्वामी की मौत हो चुकी है। अब मृत किसान की जमीन अन्य परिजनों के नाम पर दर्ज हो गई है। सवाल यह है कि मौजूदा स्थिति में बोनस की राशि किसे मिलेगी। प्रशासन ने सहकारी समितियों के लिए इसे लेकर अब तक किसी प्रकार गाइड लाईन जारी नहीं किया है। जानकारी के अनुसार धान का लंबित बोनस देने प्रशाशनिक स्तर पर काम चल रहा है। धान बेचने वाले किसानों की सूची एवं खातों को अपटेड किया जा रहा है। इस मामले पर किसानों को कोई दस्तावेज वर्तमान में नंही देना है। सबके खातों में आगामी 25 दिसंबर को बकाया बोनस की राशि जमा हो जाएगी।

# अपचारी बालक को पुलिस ने भेजा बाल न्यायालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

कुछ माह पहले क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की वारदात हो रही थी। गंड़ई पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपियों को पकड़ने में लगातार सफलता हासिल कर रही है।

पांच माह पहले 6 जून को सड़क अतरिया निवासी लल्लू राम रजक पिता स्व. दीनूराम रजक ने गंडई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पांच जून की रात्रि को बंजारी माता मंदिर से अज्ञात चोर मंदिर का कलश, घंटा एवं दान पेटी में रखे 1120 रूपए चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार 24 जून को जलभरत जंघेल पिता मनहरण जंघेल निवासी मरदकठेरा ने भी रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23- 24 जून दरम्यानी रात अज्ञात चोर द्वारा उसके घर ग्राम धोधा से गोदरेज में रखे 15 हजार चोरी कर ले गया। उक्त मामले पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

# लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ करें शीघ्रता से पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला





कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विकास कार्यो, सेवाओं, कार्यक्रमों के साथ विभागीय गतिविधियों के संचालन, क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों में संचालित शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन किए जाने से पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिलता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित विकास कार्यो, निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें।

बैठक में डीएफओ डीपीसाहू, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दिप्ती गौते, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला पंचायत सीईओ हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर समेत अन्य शामिल हुए।

**बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा :** कलेक्टर ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के मूल उद्देश्य के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्रतानुसार हितग्राहियों का चिन्हाकन कर लाभान्वित करें। बैठक में कलेक्टर ने कर्मकारों के लिए संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन करने और लाभान्वित करने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को व्यवस्थित करने और सुचारू रूप से संचालित करने कहा। कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्देशानुसार किसानों से धान की खरीदी एवं उठाव यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करते हुए सफलता पूर्वक योजनाओं का क्रियान्वयन करने कहा है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8085076969

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : 9406004581
बिलासपुर : 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### लोक कला महोत्सव के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**कवर्धा।** गुरुघासीदास लोककला महोत्सव वर्ष 2023-24 में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोककला यथा लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य (जैसे-पंथी नृत्य, भरथरी परंपरागत लोक वाद्य) के अलावा निबंध लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला प्रतियोगिताओं को भी शामिल किया गया है। लोक कलाकारो के प्रतिभा की पहचान करने तथा कलाकारों की प्रतिभा को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं विकास करने के लिए कार्यक्रम के लिए आवेदन पत्र 21 दिसंबर 2023 को शाम 5.00 बजे तक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है तथा कार्यक्रम का आयोजन 23 दिसंबर 2023 को समय दोपहर 12:30 बजे आयोजन किया जाएगा।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**कवर्धा।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बसनी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कार्यक्रम मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत घोरपेंड्री सरपंच मनोज कुमार जांगड़े द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं छात्र- छात्राओं द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें कबड्डी, खों-खों, खुर्शी दौड़ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छी खेल का प्रदर्शन किया।

**मौसम:** बढ़ती ठंड दिनचर्या के साथ सेहत पर भी दिख रहा असर

# कड़ाके की ठंड के साथ अब शीत लहर का भी प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

इन दिनों पूरे जिले में हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शहरी क्षेत्रों से लेकर वनांचल और मैदानी ईलाकों में पड़ रही इस कड़ाके की ठंड का असर न सिर्फ लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है बल्की यह लोगों की सेहद पर भी भारी पड़ती दिखाई दे रही है।

जिले के वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल, दलदली क्षेत्र का हाल तो ये है कि यहां दिन में भी लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हो रही है। वनांचल में पड़ रही इस कड़ाके की ठंड का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रात में लोगों को गर्म कपड़े भी राहत नहीं दे पा रहे हैं और लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। दूसरी तरफ दिनभर चलने वाले शीत लहर के हिलोरे भी लोगों को ठिठुरने मजबूर कर रहे हैं। ऐसे में वनांचल के अंदरूनी ईलाकों में बसे वनवासी ठंड से बचने के लिए आलाव का सहारा लेने मजबूर है। कमोबेश यही स्थिति जिले के शहरी और मैदानी ईलाकों का भी है। यहां भी बीते कुछ दिनो से जबरदस्त ठंड महसूस की जा रही है। जिसका सीधा असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ रहा है। जो लोग भोर फटने से पहले बिस्तर छोड़ कर स्नान ध्यान करने में जुट जाते थे वे अब बमुस्किल बिस्तर से बाहर निकल पा रहे हैं। मौसम के इस मिजाज को देखकर माना जा रहा है कि आने वाले दिनो में ठंड और ज्यादा कहर ढा सकती है।



### लोगों की सेहद पर दिख रहा ठंड का विपरीत असर

लगातार बढ़ रही ठंड और उस पर इन दिनो चल रही शीत लहर का विपरीत असर अब लोगों की सेहद पर भी देखने को मिल रहा है और लोग सर्दी, खांसी का शिकार हो रहे हैं। मौसम का यह प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गो में देखने को मिल रहा है। बुजुर्गो में बढ़ती ठंड के साथ बात रोग, हांथ, पैर में दर्द जैसी शिकायतें बढ़ रही है। ऐसे में चिकित्सकों ने भी लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी है।

### स्कूली बच्चों की बढ़ी मुसीबतें

बढ़ती ठंड के साथ उन स्कूली बच्चों की भी मुसीबतें बढ़ गई है जिन्हें सुबह की पाली में स्कूल जाना पड़ रहा है। खासकर जो बच्चे निजी स्कूलों में अध्यनरत है उन्हें स्कूल की गाईड लाईन के मुताबिक उतने ही और वहीं गर्म कपड़े पहन कर स्कूल में प्रवेश की अनुमति है जो उन्हें स्कूल के ड्रेस कोड के तहत बेंचे गए है। ऐसे में बच्चों को इन दिनो पड़ रही कड़ाके की ठंड में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर जो बच्चे स्कूली बसों में सवार होकर कई किलो मीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय के निजी स्कूलों में पढ़ने पहुंचते है उनका तो हाल बेहाल है।

### चिल्फी में ओस जमने का इंतजार

यहां बताना लाजमी होगा कि हर साल इसी सीजन में और ऐसी ही कड़ाके की ठंड में जिले के हिल स्टैशन कहे जाने वाले बोड़ला ब्लाक के वनांचल क्षेत्र चिल्फी में ओस जमने लगती है। कड़ाके की ठंड के दौरान रात के समय आसमान से गिरने वाली ओस सुबह तक वर्फ की बरत में बदल जाती है और अंचल का मैदानी ईलाका जमी हुई ओस की सफेद चादर से ढंग जाता है। स्थानीय के साथ जिले के लोगों के लिए यह नजारा देखने लायक होता है और बड़ी संख्या में लोग इसे देखने के लिए चिल्फी का रूख करते हैं। हालांकि अभी चिल्फी से ओस चमने की खबर नहीं आई लेकिन माना जा रहा है कि अब जल्दी ही यह नजारा एक बार फिर दिखाई दे सकता है।

# कड़ाके की ठंड में बाहरी मजदूरों का हाल बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कहते हैं कि पेट की आग बड़ी जालिम होती है, जो न कराए वह थोड़ी है, पेट की ऐसी ही आग ने इन दिनो जिले में संचालित गुड़ फैक्ट्रियों में बाल-बच्चों सहित काम करने दूसरे राज्यों से पहुंचे मजदूरों को इस हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे बसेरा करने मजबूर कर दिया है।


उल्लेखनीय है कि इन दिनो जिले के गांव-गांव में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना पेराई का काम जोरों से चल रहा है। बताया जाता है कि दर्जनो की संख्या में खेत, खलिहानो तथा सड़कों के किनारे संचालित इन गुड़ फैक्ट्रियों में काम करने दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में कई मजदूर अपने बाल-बच्चों के साथ पहुंचे हैं। जो पेट की खातिर दिनभर गुड़ फैक्ट्रियों की आंच में तपते हैं और रात में खुले आसमान के नीचे पैरावट की झौपड़ी में कड़ाके की ठंड से बचने की जद्दोजहद में पूरी रात गुजार देते हैं। चर्चा के दौरान इन मजदूरों ने बताया कि उन्हें यहां काम तो मिल गया है लेकिन रहने का कोई ठिकाना नहीं है और फिर प्रायः सभी गुड़ फैक्ट्रियों भी अस्थाई रूप से खेत, खलिहानो तथा सड़कों के किनारे ही संचालित हो रही हैं।

इस स्थिति में उन्हें आसपास के खाली पड़े खेतों में ही बसेरा करना पड़ रहा है। मजदूरों ने बताया कि उनके साथ उनका पूरा परिवार है जिसमें महिलाओं सहित छोटे-छोटे दुध मुंहे बच्चे भी शामिल हैं। वे दिनभर फैक्ट्रियों में काम करते हैं और रात गुजारने के लिए खेतों में ही बांस, बल्ली तथा पैरावट से बनाई गई झौपड़ियों में आराम करते हैं। लेकिन इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड, उस पर शीत लहर तथा खुला ईलाका होने के कारण खुले आसमान के नीचे इन काम चलाऊ झोपड़ियों में रात काटना पड़ा मुस्किल हो रहा है।

जिससे बचने के लिए अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। बहरहाल मजदूरों के इस कठिन परिश्रम और संघर्ष को देख यही कहा जा सकता है कि पेट की आग के आगे इन दिनो पड़ रही कड़ाके की ठंड भी उन्हें कम लग रही है।

# पियक्कड़ वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

## पुलिस ने पकड़े 185 शराबी वाहन चालक



- पुलिस अधीक्षक ने कहा लगातार जारी रहेगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

दिसम्बर माह के शुरूआती दिनो से लेकर बीते 18 दिसम्बर तक के आंकड़ों को देखा जाए जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करीब दर्जन भर से अधिक सड़क हादसे सामने आ चुके हैं और इन सड़क हादसों में करीब सात लोगों की मौत हो चुकी है वहीं इससे कहीं ज्यादा लोग घायल हुए हैं। माना जा रहा है कि जिले में लगातार बढ़ रहे इन सड़क हादसों की मुख्य वजह एक तो वाहन चालकों की तेज रफ्तार और दूसरी वजह नशे की हालत में वाहन चलाने को माना जा रहा है।

संभवतः यही वजह है कि पुलिस अधीक्षक भी इस बात से इत्तिफाक रखते हुए अब नेशड़ी वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी जिला पुलिस प्रशासन ने रात में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अभी तक 185 प्रकरण दर्ज कर नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की है। कबीरधाम एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने इस कार्यवाही के संबंध में बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर 6 माह तक कि जेल और 10 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

वहीं दोबारा पकड़े जाने पर 2 साल तक कि जेल और 15 हजार तक का जुर्माना हो सकता है। कबीरधाम एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश के बाद जिले भर में अभियान की शुरुआत की गई है। कवर्धा सहित सभी थाना क्षेत्र मे पुलिस ने बेरिकेट्स लगाकर चेकिंग की। इसमें ट्रक चालकों समेत कई बाइक और कार चालक भी नशे की हालत में पाए गए।

उनके खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया है। माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासन की इस कार्यवाही से काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं का रोका जा सकता है।

### वाहनो की तेज रफ्तार पर भी लगाई जाए लगाम

जिस ढंग से पुलिस प्रशासन जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध अभयान चलाकर कार्यवाही कर रही है वैसे ही रफ्तार के शौकीन वाहन चालकों पर भी कार्यवाही की जरूरत महसूस की जा रही है। माना जा रहा है कि बढ़ी सड़क दुर्घटनाओं की एक वजह वाहनो की बेलगाम रफ्तार भी है।

## जैन मंदिर परसिर में जैन संतो का प्रवचन कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** प्रख्यात व्याखात्री महा सती पूज्य कनक प्रभा, पूज्य सयम बोधी, पूज्य शुद्ध बोधि म.सा. का मुंगेली चातुर्मास पूर्ण कर मंगल प्रवेश धर्मनगरी कवर्धा में हुआ है। वही दूसरी ओर महासमुंद का ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर बेमेतरा की ओर स पूज्य संवर बोधि जी म. सा., पूज्य शुद्ध बोधि जी म. सा. एवं शौर्य बोधि जी म. सा. का जैन मंदिर परिसर कवर्धा में मंगल प्रवेश हुआ। दोनों की ओर से पधारे चरित्र आत्माओं का परस्पर मधुर मिलन एवं शुभेच्छाओं का आदान प्रदान हुआ। कवर्धा के जैन मंदिर परसिर में महा सती की निश्रा में प्रतिदिन सुबह 8.45 पर प्रवचन हो रहे हैं। मंगलवार को अपनी प्रवचन श्रंखला में महा सती जी ने कहा कि किसी ने पानी का गिलास पकड़ाया और हम थैंक यू बोल देते हैं, किंतु क्या हमारे मनोभाव इससे जुड़ पाते हैं? कृतज्ञता भाव भीतर से उपजता है। सुख एवं आनंद की तढप सभी को है पर क्या हमारे कर्म उसके अनुरुप है? परमात्मा, गूरु, माता -पिता, घरेलू सेवकों के उपकारो को फुर्सत के क्षणों में याद करें तथा अहोभाव से कृतज्ञता व्यक्त करें। भोजन की रेसिपी को 50 बार पढने से पेट नहीं भरेगा, इसके लिए सामग्री जुटानी पड़ेगी तब भोजन तैयार होगा और उसे ग्रहण करने से ही क्षुधा मिटेगी। परम पूज्य कनक प्रभा जी महाराज ने अति परी ग्रह एवं अति परिचय को खतरनाक बताया। उन्होने कहा कि तीर्थंकर परमात्मा महावीर के पास क्या कमी थी उन्हें यह भलीभांति याद था कि यह शांति का मार्ग नहीं है। खुद में ही खुदा छिपा हुआ है सदा इस बात का स्मरण रखे। श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जैन संघ अध्यक्ष अजय टाटिया ने अल्प कालीन प्रवास का अधिक-अधिक लाभ उठाने की अपील समाज के लोगों से की है। दोपहर में श्रावक का प्रथम कर्तव्य विषय पर शिविर दैनिक रुप से चल रहा है। यहां से महासतीवर्याओ का बिहार लोहारा की ओर होने की संभावना है।

## विधानसभा पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने ली शपथ ...



**कवर्धा।** प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने आज विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा सहित नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने डॉ रमन सिंह को सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने की सदन में घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने परंपरा के अनुसार उन्हें अध्यक्षीय आसंदी तक पहुंचाया।

# बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण के लिए संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग अंतगर्त चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने ग्राम पंचायत लिमो में सरपंच, पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्कूल शिक्षक व ग्रामवासी से मिलकर पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक में परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है, ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल-विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं। सुपरवाइजर रामलाल पटेल व ग्रामवासी को बताया गया कि बच्चों के चार अधिकार जीवन जीने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता के अधिकार के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल-विवाह रोकथाम, बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम, बाल नशा, बाल अपराध, बाल श्रम एवं विभिन्न समस्याओं से ग्रसित बच्चों का देखरेख व संरक्षण के लिए विस्तार पूर्वक टीम द्वारा जानकारी दिया गया। बैठक में बाल संरक्षण समिति अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने बाल-विवाह मुक्त समाज निर्माण करने के लिए संकल्प लिया। इस बैठक के आयोजन में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग के सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक, रामलाल पटेल सुपरवाइजर, आरती यादव सुपरवाइजर, शारदा निर्मलकर सुपरवाइजर ग्राम पंचायत लिमो सरपंच श्रीमती जंरत्री बाई धुर्वे, सरपंच प्रतिनिधि मन्नू धुर्वे, उपसरपंच रामचरण साहू, सचिव संतोष साहू सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



### फसल बीमा योजना के जागरुकता रथ से किसान होंगे लाभान्वित- भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने एवं निर्धारित समय के पूर्व बीमा करने का संदेश देने के लिए उद्यानकी विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, आज फसल बीमा रथ को जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत प्रांगण से रवाना किया, ज्ञात हो की खरीफ वर्ष 2023 एवं रबी 2023- 24 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत भारत सरकार के योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसमें रबी फसलों का बीमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 निर्धारित की गई है।

**कलेक्टर व जिपं सीईओ ने शिविर में शामिल होकर किया अवलोकन**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाई लाभार्थियों ने सफलता की कहानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज मंगलवार को कबीरधाम जिले के कवर्धा, सहसपुर लोहारा और पंडरिया जनपद पंचायत के 6 ग्राम पंचायतों में विकसित संकल्प यात्रा की शिविर लगाई गई। कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल कवर्धा जनपद पंचायत के ग्राम मड़मड़ा मंल आयोजित इस यात्रा शिविर में शामिल हुए और शिविर का अवलोकन भी किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि भारत शासन के मंशानुरूप एवं राज्य शासन के दिशा-निर्देशों से तहत कबीरधाम जिले में विकसित संकल्प भारत यात्रा के तहत जिले के सभी जनपद पंचयतों के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को अभियान चलाकर योजनाओं से जोडऩे के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए है। मंगलवार को कवर्धा जनपद पंचायत के ग्राम मड़मड़ा, बम्हनी, सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के नवागांवखुर्द, हरदी पंडरिया जनपद पंचायत के ग्राम सोढ़ा और कारीमाटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर ग्रामीणों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोडऩे के लिए जानकारियां दी गई। ग्राम मड़मड़ा में सरंपच श्रीमती सविता बाई नवरंगे, कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल की उपस्थिति में आज आयुष्मान भारत योजना के तहत नए हितग्राहियों को मौके पर कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। इसी प्रकार उज्जवला योजना के तहत भी नए हितग्राहियों सिलेण्डर, चुल्हा कीट निःशुल्क प्रदान किया गया।



# दुल्लापुर-बाजार में सरपंच ने स्कूल में पीतल की घंटी दान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुण्डा

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत दुल्लापुर-बाजार निवासी सरपंच श्रीमती रुखमणी थानूराम साहू द्वारा शासकीय प्राथमिक व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुल्लापुर-बाजार में विद्यार्थियों के लिए पीतल की घंटी दान किया गया, यह कार्य सरपंच श्रीमती साहू द्वारा माध्यमिक विभाग में पदस्थ शिक्षक मोहन शर्मा के मार्गदर्शन से प्रभावित होकर दिया, जिसमें प्रधान पाठक दिलीप सोनवानी, हेमंत शर्मा व शिक्षक मोहन शर्मा, चित्रेश देवांगन तथा श्रीमती नूतन जांगड़े उपस्थित थी। सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू का कार्य जनसेवा परक एवं अनुकरणीय है। जिस पर प्रधान पाठक ने सरपंच श्रीमती साहू का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

